nt>

Title: Need to provide adequate outlets for smooth drainage of water across National Highway No. 8 at Hond village in Novasari district, Gujarat.- Laid.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : अध्यक्ष महोदय, मैंने बजटकालीन सत्र में अपने संसदीय क्षेत्र के नवसारी जिले में गांव होन्ड एवं इसके आस-पास के गांव भसलन, चिमला, तेजलव, तलावचोरा एवं चिखली इत्यादि गांव जो राट्रीय राजमार्ग 8 को सात से आठ फुट तक ऊंचा बनाने से मानसून में बरसात का पानी सड्क के एक तरफ रुक जाने से बाढ़ की चपेट में आ जाते हैं, का मामला उठाया था। उस पर स्थानीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग के अधिकारी द्वारा दी गयी जानकारी के आधार पर सड़क परिवहन मंत्रालय द्वारा वहां पानी निकासी के लिए एक पुलिया के निर्माण हेतु योजना बनायी गयी जबकि यह मामला लोग न्यायालय में ले गये और न्यायालय ने पानी की निकासी के लिए और भी पुलिया बनाने का निर्देश दिया। इस संबंध में यहां के स्थानीय प्रशासन ने भी पानी के निकासी के लिए और पुलिया बनाने का प्रस्ताव किया है, परन्तु केन्द्र सरकार ने इस प्रस्ताव पर अभी तक विचार नहीं किया है।

सदन के माध्यम से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि इस मामले को अपने स्तर पर देखें और इस क्षेत्र के अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा भी करें। यहां पर पानी निकासी के लिए और पुलियों का निर्माण शीघ्र कराया जाये।